हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


10 अंडरपास बनने से व्यापारियों को होगा लाभ





10 जिले में टीम की सजगता से कम हो रहे बाल विवाह





IIT JEE/NEET AND 10+1, 10+2 MED. & NON MED. के बच्चों के लिए सुनेहरा मौका

शिक्षा व संस्कार का समावेश ईफा अकैडमी

10+1 व 10+2 का 2nd BATCH 11 April से शुरू हो रहा है।

IIT-JEE/NEET व 10+1, 10+2 (Med/Non-Med) के बच्चों को अब भटकने की जरूरत नहीं है क्योंकि ईफा एक ऐसी संस्था है जो सैकड़ो बच्चों को डॉक्टर वह इंजीनियर बना चुकी है। ईफा अकैडमी में अनुभवी मैनेजमेंट है और दिल्ली व कोटा के अनुभवी अध्यापकों द्वारा तैयारी करवाई जाती है। यही कारण है कि ईफा एकेडमी आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है। अगर आप भी डॉक्टर व इंजीनियर बनना चाहते हैं या तैयारी की सोच रहे हैं तो कहीं भी **एडमिशन लेने से पहले ईफा अकैडमी द्वारा शुरू की जा रही 7 दिनों की फ्री ट्रायल क्लास जरूर करें।**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -

EFA Academy, SCF-25, Near Jat Dharmshala, U/E, Jind

9996004625, 9315366265


## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**सफीदों।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस को बयान में बुढ़ाखेड़ा निवासी मोलु राम ने कहा कि 17 को वह मकान पर था और मेरे फोन पर मेरे भाई तेजबीर का फोन आया कि मैं बलजीत के प्लाट में बैठा हूं और मेरे को बलजीत व सतपाल निवासी बुढ़ाखेड़ा ने शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर मेरे को पिला दिया है।

### पिस्तौल के बल पर महिला से जेवर लूटे

**कैथल।** कस्बा ढांड से बदमाश पिस्तौल के बल पर एक महिला से हजारों रुपये के सोने के जेवरात लूटकर फरार हो गए। कस्बा ढांड की प्रवेश नामक महिला ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 17 अप्रैल को सायं के समय अपनी बेटी के साथ पिहोवा रोड की ओर उनके खेतों से वापिस आ रही थी। उसी समय एक कार उसके पास आकर रूकी।

### गांव मुआना से 10 बोतल नाजायज शराब बरामद

**सफीदों।** सीआईए सफीदो ने गांव मुआना से छापामारी के दौरान 10 बोतल नाजायज शराब के साथ एक आरोपी को काबू किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बीरमपाल निवासी मुआना के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गांव मुआना बस स्टैंड के नजदीक मौजुद थी।

### हेरोइन सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** युवा वर्ग को नशे की चपेट से बचाने के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार नशा तस्करो की जड़ मुल तक पहुंचते नशा तस्करो की धरपकड़ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11.2 ग्राम हेरोइन सप्लाई करने के मामले की जांच थाना शहर के एएसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव कल्लरमाजरा निवासी अग्रेंज सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### यौन शोषण करने का आरोपित जीजा पकड़ा

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने नाबालिग साली का अपहरण कर यौन शोषण करने के आरोपित जीजा को गिरफ्तार किया है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। शहर थाना इलाका की एक महिला ने 13 मई 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बड़ी बेटी बुडलाढा मानसा पंजाब निवासी अशोक के साथ विवाहित है।

### निर्माणाधीन एक्सप्रेस वे से चोरी का आरोपी काबू

**कैथल।** निर्माणाधीन दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे से लोहा का सामान चुराने के मामले की जांच चौकी संगतपुरा पुलिस इंचार्ज एएसआई विक्रम सिंह की अगुवाई में एचसी महिपाल ने आरोपी गांव कैलरम निवासी महिपाल उर्फ धौला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला चरखी दादरी के गांव बोंद कलां निवासी अनुज की शिकायत अनुसार वह समधईन्फ्रा कंपनी में तैनात हुं।

### पंजाब की युवती से रेप के दो आरोपित जेल भेजे

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने पंजाब की युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर गैंग रेप करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पंजाब निवासी एक युवती ने गत 12 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी थी।

### किसान आंदोलन की हिंसक जांच के लिए न्यायिक जांच कमेटी पहुंची नरवाना

# गिरफ्तारी के भय को भांप किसान गवाह और नेता नहीं पहुंचे नरवाना

#### किसानों की मांग पर छह मई को चंडीगढ़ के किसान भवन में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसान आंदोलन पार्ट टू के चलते दातासिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर हिंसक घटना व पंजाब के किसान शुभकरण की मौत की न्यायिक जांच के सिलसिले में हाईकोर्ट की सेवानिवृत जज जयश्री के नेतृत्व में गठित कमेटी वीरवार को नरवाना पहुंची। जिसमें हरियाणा के एडीजीपी अमिताभ ढिल्लो, पंजाब के एडीजीपी प्रमोद मान भी शामिल रहे। बाद में गठित कमेटी खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले किसानों से मिली और घटना जानकारी ली। आंदोलनरत किसानों की मांग पर अब सुनवाई छह मई को चंडीगढ़ के किसान भवन में होगी। न्यायिक जांच टीम के आगमन को देखते सुरक्षा को कड़ा कर दिया। मीडिया को भी दूर रखा गया। वीरवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त जज जयश्री ठाकुर के नेतृत्व में किसान आंदोलन के दौरान पंजाब बॉर्डर पर हिंसक घटना की जांच के सिलसिले में नरवाना पहुंची।

रेस्ट हाउस में अस्थायी अदालत लगाई जानी थी। जिसमें किसान नेताओं तथा ग्वाहों को भी आना था। कुछ किसान नेता वहां पर पहुंचे भी। वहीं जिला प्रशासन की तरफ से डीसी मोहम्मद इमरान रजा, आईपीएस नरेंद्र बिजराणिया, एसपी सुमित कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। किसान नेताओं ने न्यायिक जांच कमेटी को बताया कि गवाहों, किसान नेताओं के खिलाफ हरियाणा में मुकद्मे दर्ज हैं। पुलिस उन्हें गिरफतार कर सकती है। इसलिए सुनवाई पंजाब या चंडीगढ़ में की जाए। न्यायिक जांच कमेटी दातासिंहवाला पार खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल, अभिमन्यु कुहाड, लखविंद्र सिंह ओलख, बलबीर सिंह रजेवाल से मिली और किसानों की बातों का सुना। किसानों ने आंसू गैस के गोले तथा अन्य सबूत दिखाए। न्यायिक जांच कमेटी ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। काबिलेगौर है कि किसान आंदोलन पार्ट टू के चलते 13 से 21 फरवरी को दातासिंहवाला सील बॉर्डर पर किसानों तथा फोर्स के बीच टकराव चलता रहा था। जिसमें पंजाब के युवा किसान शुभकरण की मौत हो गई थी। किसान नेताओं ने न्यायिक जांच की मांग की थी। गत सात मार्च का पंजाब एव हरियाणा हाईकोर्ट ने न्यायिक जांच के आदेश दिए थे।





जींद। हाईकोर्ट की सेवानिवृत्त जज जयश्री के नेतृत्व में गठित कमेटी से मिलने जाते व तैनात पुलिसबल। गठित कमेटी से मिलने के लिए बैठक करते किसान नेता।





#### घायलों के परिजन भी होंगे शामिल

पंजाब भाकियू के अध्यक्ष बलबीर सिह राजेवाल ने कहा कि न्यायिक जांच के सिलसिले में गवाह व किसान नेता आने वाले थे लेकिन गिरफ्तारी के खतरे को देखते हुए वे नरवाना नही आए। जांच कमेटी ने किसानों की मांग पर छह मई को चंडीगढ़ के किसान भवन में सुनवाई तय की है। मृतक किसान शुभकरण के परिजनों सहित 30 घायल किसान के परिजन भी शामिल होंगे।



कलायत। आग को बुझाने में जुटे दमकल कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## दुमाड़ा-कैलरम में 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जली

#### दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव दुमाड़ा व कैलरम के कृषि क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आग ने खूब ताड़व मचाया। इसमें 50 एकड़ से अधिक में खड़ी गेहूं की फसल व फानों का 10 एकड़ में फैला क्षेत्र आग में तबदील हो गया। बाद दोपहर यह घटना घटी। किसानों, मजदूर व आम ग्रामीणों के साथ तालमेल बनाकर पुलिस और दमकल कर्मियों ने स्थिति को काबू किया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास की सजगता से कलायत व कैथल से दो दमकल वाहन और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंची। काफी समय प्रचंड आग के खिलाफ चले आपरेशन में आखिरकार स्थिति पर काबू पा लिया गया। दुमाड़ा गांव की महिला सरपंच के प्रतिनिधि कुशलपाल राणा ने बताया कि आग की घटना पर सांझे प्रयासों से काबू पाया गया। इसमें दुमाड़ा व कैलरम के कृषि क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। जबकि आसपास के अन्य गांवों को बचाव अभियान से सुरक्षित रख पाने में टीम सफल रही। इस घटना में जो नुकसान हुआ उसका ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। दलबीर सिंह, कश्मीर, जजपाल, बहादुर, रमेश, राजा, रवींद्र, पवन, महीपाल, दलबीर, मामचंद, करेसन, रवींद्र, दलबीर और दूसरे किसानों का कहना है कि आग की घटना ने उन्हें खून के आंसु रुलाकर रख दिया है। तैयार फसल को लेकर किसान परिवारों ने न जाने कितने अरमान संजोए थे। उन्हें नहीं पता था कि आपदा इस तरह उनकी मेहनत को राख में तबदील करेगी।

### दुकान में आग से लाखों का सामान जलकर खाक

**सफीदों।** उपमंडल के गांव पाजू कलां स्थित एक किरयाणे की दुकान में वीरवार सुबह आग लग गई। इस घटना में दुकान का सामना जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारण अज्ञात हैं। ग्रामीणों ने किसी तरह से अपने स्तर पर आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार दुकान का मालिक सुरेश कुमार अपने खेत में गया हुआ था। उसके पीछे से दुकान में आग लग गई। दुकान के पीछे ही उसका घर भी है। घरवालों को दुकान में कुछ धुंआ उठता हुआ दिखाई पड़ा। उन्होंने दुकान में आकर देखा तो दुकान में आग भभक रहीं थी और चारो ओर धुंआ ही धुंआ था। घरवालों ने उसकी सूचना सुरेश को दी। सूचना पाकर सुरेश खेत से दुकान में पहुंचा तो पाया कि दुकान को आग ने अपनी आगोश में लिया हुआ था। वहीं मौके पर काफी तादाद में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने संयुक्त प्रयास करके रेत व पानी के माध्यम से किसी तरह से आग पर काबू पाया।

### तालाब में डूबा युवक, जांच में जुटा प्रशासन



**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव के तालाब में एक युवक डूब गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। ग्रामीणों ने बताया कि वीरवार को सुबह 11 बजे मालवी गांव निवासी 32 वर्षीय सम्मत तालाब में नहाने के लिए उतरा था। कुछ देर बाद वह तालाब में डूब गया। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई। सूचना पाकर रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। काफी तलाश के बावजूद कोई सुराग नही लगा तो रेस्क्यू टीम को बैरंग ही लौटना पड़ा। मौके पर गोताखोर बुलाए गए हैं लेकिन छह घंटे बीत जाने के बावजूद भी सुराग नही लग पाया है। युवक की तलाश जारी है। फोटो:हरिभूमि

### लेनदेन के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर 56 लाख ठगे, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने लेनदेन के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर और एक व्यक्ति के फर्जी हस्ताक्षर कर 56 लाख की धोखाधड़ी के के आरोप में तीन व्यक्तियो को नामजद किया है। फ्रेंडस कॉलोनी के महेंद्र सिंह ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह रेत-बजरी का कार्य करता है। उसने फरियाबाद निवासी विजेंद्र के साथ कॉलोनी में कोचिंग सेंटर बनाया था। इसकी एक सोसायटी बनाई थी। विजेंद्र सिंह एमए पास है व वह खुद सातवीं कक्षा पास है। विजेंद्र सिंह ने इसी सोसायटी के नाम से कारपोरेशन बैंक में एक 'वाइंट खाता खुलवाया था और दो चैकबुक प्राप्त की थी। विजेंद्र सिंह ने उसको विश्वास में लेकर कर्मचारियों की सैलरी व सोसायटी का सामान लेने के लिए एडवांस में खाली चैकों पर हस्ताक्षर करवा लिए थे।

## मांगों को लेकर दिया धरना

- ठेकेदारों से बात करने के बाद भी समस्याओं का कोई समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन के डोर टू डोर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगरपालिका प्रांगण में धरना दिया और अनिश्चित कालीन हड़ताल आरंभ कर दी। नगरपालिका सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सीवन डोर टू डोर कर्मचारियों के खंड सीवन के प्रधान राहुल ने बताया कि डोर टू डोर कर्मचारियों की बहुत सी मांगें हैं जोकि पुरानी हैं और लंबित हैं। परंतु उन पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने इसके बारे में ठेकेदारों से भी बात की है परंतु उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर वह डीएमसी कार्यालय में भी बात की थी परंतु उनकी मांगों लिखित रूप में स्वीकार किया गया परंतु मांगों को जनवरी से लेकर आज तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने अपनी मांगों के बारे में बताया कि महंगाई के दौर में इतने कम वेतन में गुजारा नहीं होता है। उनके वेतन में बढ़ोतरी की जाए। डोर टू डोर कर्मचारियों को सेफ्टी किट दी जाए जिसमें उन्हें वर्दी, तेल, साबुन, जूते आदि दिए जाएं ताकि वह अपना काम सही प्रकार से कर सकें। जिला कैथल के सभी खंडों में जितने भी डोर टू डोर कर्मचारियों को निकाला गया है उन्हें वापिस काम पर लिया जाए और किसी भी कर्मचारी को हटाया न जाए।

उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक वह हड़ताल पर रहेंगे और कोई काम नहीं करेंगे। इस अवसर पर तरसेम, अभी व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।



सीवन। हड़ताल पर बैठे डोर टू डोर कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### नशा तस्कर से 204 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 204 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई बलराज सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम शाम के समय गुहला क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि खत्री मोहल्ला गुहला निवासी बलबीर सिंह काफी समय से अपनी स्कुटी में अफीम रखकर आस पास के क्षेत्र में बेचने का काम करता हैं। अगर तुरंत उसके घर पर रेड की जाए तो आरोपी को अफीम सहित काबु किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए खत्री मोहल्ला गुहला निवासी बलबीर सिंह के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध बलबीर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे ईटीओ कैथल दीपक के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से 204 ग्राम अफीम बरामद हुई।

### दोपहर तक चली गर्म हवा, शाम को गरज व चमक के साथ बूंदाबांदी

## बूंदाबांदी ने धरतीपुत्रों की फिर बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते वीरवार शाम को गरज तथा चमक के साथ हुई बूंदाबांदी ने धरतीपुत्रों की चिंता को बढा दिया है। आकाश में गहरे बादल छा गए और बारिश के आसार भी बने रहे। खेत खलिहान से मंडियों तक गेहूं फैली हुई है। वीरवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 27 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। बादलवाई के साथ हवा की गति भी तेज रहेगी। वीरवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। मौसम साफ रहने के साथ उसका का मिजाज काफी गर्म रहा। हवा भी गर्म रही। शाम को मौसम ने करवट ली और आकाश में गहरे बादल छाने के साथ बूदाबादी शुरू हो गई। दिन के अधिकतम तापमान मे वीरवार को चार डिग्री की बढौतरी दर्ज की गई। गेहूं सीजन से रफ्तार पकड़ी हुई है। कटाई कर सीजन सीजन शबाब पर है। गेहूं की आवक भी मंडियों मे खूब हो रही है। अगर ऐसे हालात में मौसम खराब होता है तो गेहूं का कार्य प्रभावित होगा। इसी बात को लेकर किसान चिंतित हैं।



जींद। गोहाना रोड पर बूंदाबांदी के बीच लाइट जला कर गुजरते वाहन।

#### पश्चिमी विक्षोभ से मौसम परिवर्तशील

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के के आशिक असर के चलते 21 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। आकाश में बादलवाई देखने को मिलेगी। हवा की गति तेज रहेगी। 19 तथा 20 को 'यादा असर देखने को मिलेगा। कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। जबकि अधिकतम तापमान मे बढोत्तरी होगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिसके चलते आकाश में बादलवाई दिखाई देने के साथ बूदाबदी की सभावना है। हवा कि गति कुछ तेज रहेगी। मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

## महिला कैदी ने 2 कैदियों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

- 20 फरवरी को महिला कैदी, आरोपितों को ले जाया गया था इलाज के लिए पीजीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोहतक पीजीआई इलाज के लिए ले जाई गई महिला कैदी को परिजनर वैन में नशीला पदार्थ देकर दो कैदियों ने दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना लगभग दो माह पहले की बताई गई है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला कैदी की शिकायत पर दोनों कैदियों के खिलाफ नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर रोहतक पुलिस को भेज दी है। नशीले पदार्थ तस्करी के जुर्म में सजा भुगत रही एक महिला कैदी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका इलाज रोहतक पीजीआई से चल रहा है। गत 20 फरवरी को परिजनर वैन से उसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले जाया गया था। परिजनर वैन में उसके साथ कैदी मनीष तथा गांव धनौरी निवासी सतीश भी था। पीजीआई में वैन को खड़ा कर सुरक्षाकर्मी कागजात तैयार करवा रहे थे। दोनों आरोपित ने उसे कोल्ड ड्रिंक में उसे नशीला पदार्थ पिला दिया। जिसके बाद आरोपितों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

## खबर संक्षेप

### करसोला में कबड्डी चैंपियनशिप 20-21 को

जुलाना। कबड्डी विकास समिति जींद के प्रधान राकेश सिवाच ने बताया कि जिला जींद सीनियर कबड्डी टीम का चयन 20 व 21 अप्रैल को करसोला गांव में किया जाएगा। 20 अप्रैल को पुरूष वर्ग व 21 को महिला वर्ग का चयन किया जाएगा। जिले की चयनित टीम स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेगी।

### ट्यूबवैलों से उपकरण चोरी, शिकायत दर्ज

जींद। जिले में बीती रात चोरों ने ने खेतों से तीन स्थानों पर ट्यूबवैलों से सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने किसानों की शिकायतों पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बरहाखुर्द निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को चोरों ने उसके खेत से ट्यूबवैल के पंखे व अन्य सामान, पड़ोसी किसान बिजेंद्र के खेत से ट्यूबवैल से कीमती सामन को चोरी कर लिया।

### परमात्मा की भक्ति बिना सच्चा सुख नही

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि हमारी आत्मा सच्चिदानंद परमात्मा की दिव्या अंश होने के कारण आनंद की खोज कभी संसार के रिश्ते नातों में करती है,कभी धन दौलत में करती हैएकभी सुख सुविधा के अधिक से अधिक साधनों को जुटाने में करती है लेकिन परमात्मा का यह भौतिक संसार हमारे भौतिक शरीर को स्वस्थ, सुखी, सुविधाजनक रखने के लिए जरूरी तो है।

### युवती से अश्लील हरकत, केस दर्ज

जींद। चंद्रलोक कालोनी में युवती से अश्‍ पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अश्‍ हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। चंद्रलोक कालोनी निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रिश्तेदारी में चंद्रलोक कालोनी में आए रामपुरा निवासी संदीप ने उसके साथ अश्‍ हरकत की। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### महिला और युवती संदिग्ध हालात में गुम

जींद। जिले में अलग-अलग दो स्थानों से युवती तथा महिला के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। रामा कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव झमौला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई।

### आज से एग्जिट पोल पर रहेगी पूर्ण पाबंदी

जींद। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव व 12 रा'यों के 25 विधानसभाओं के उपनिर्वाचन के चलते 19 अप्रैल से एक जून 2024 तक कोई भी व्यक्ति और मीडिया किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल का आयोजन नहीं कर सकता है। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता है तो उसको दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना अथवा दोनो ही दंड दिए जा सकते हैं।

### इंडिया गठबंधन सोचकर बनाए उम्मीदवार

उचाना। उचाना आम आदमी पार्टी कार्यालय में आप के प्रमुख पदाधिकारियों एवं नेताओं की मीटिंग हुई। मीटिंग में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। आप व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में हर लोकसभा में जाकर प्रचार करने का फैसला भी लिया।

### विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

जींद। आधारशिला पब्लिक स्कूल में विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम हुआ इसमें बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्व, उनके अस्तित्व के संभावित खतरों व उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

---

### दस मई को अक्षय तृतीया पर होने वाली शादियों पर रहेगी विशेष नजर

# जिले में टीम की सजगता से कम हो रहे बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में किसी भी सूरत में बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि पिछले तीन चार वर्षों की बात की जाए तो लगातार बाल विवाह के मामलों में कमी है। बावजूद इसके जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम किसी भी स्तर पर कोर-कसर छोड़ना नही चाह रही है। इस बार दस मई को अक्षय तृतीया (अखा तीज) है और जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में कुछ बाल विवाह भी हो सकते हैं। जिसके चलते जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की विशेष नजर रहेगी। इसमें लड़के की आयु 21 वर्ष से कम तथा लड़की की आयु 18 वर्ष की आयु से कम पाई जाती है तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ-साथ अब बाल विवाह के केस में पोक्सो एक्ट का केस दर्ज करवाने का प्रावधान भी कर दिया गया है।



जींद। बाल विवाह रोकने के लिए आयोजित वीसी में भाग लेते अधिकारी।

#### पुजारी, पंच, सरपंच आंगनबाड़ी वर्कर्स और नंबरदार करें सहयोग

सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने बताया कि दस मई को अक्षय तृतीय (अक्खा तीज) पर्व के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंदिर के पुजारी, गांव के पंच, सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर्स और नंबरदार तथा शहर के नगर पार्षदों से अपील की है कि वह अपने-अपने गांव और क्षेत्रों में इस दिन आयोजित होने वाले विवाह समारोह के दौरान लड़का-लड़की के बालिग होने की जांच करें ताकि जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लग पाए।

#### जागरूक हो रहे लोग

जिला में बाल विवाह को लेकर लगातार लोग सजग हो रहे हैं। हालांकि अभी भी बाल विवाह के मामले सामने आ रहे हैं। जिन्हें रूकवाया भी जा रहा है। वर्ष 2022-23 की बात की जाए तो बाल विवाह के 23 मामले सामने आए थे। इसके बाद वर्ष 2023-24 में 12 मामले सामने आए थे। वर्ष 2024-25 वित्त वर्ष में महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय की टीम ने एक बाल विवाह को रूकवाया है।

#### बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित : रवि लोहान

सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। हालांकि जिले में बाल विवाह पिछले वषार्ें के मुकाबले घट रहे हैं जोकि लोगों की जागरूकता के कारण ही संभव हुआ है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिले के सामुदायिक केंद्र, वेंकेट हॉल, मैरिज पेलेस, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी आगाह किया है कि वह अपने अपने कायार्ें के साथ-साथ विवाह में लड़का-लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मंगवा कर देखें ताकि पता लग सके कि दोनों बालिग हैं या नहीं। बाल विवाह से संबंधित सूचना तुरंत महिला हैल्पलाइन नंबर 1091, 100 नंबर या 9100310031 पर दें।

#### आयोग चेयरपर्सन ने वीसी कर दिए निर्देश

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरपर्सन प्रियंक कानूनगो ने वीसी कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर पुजारी, मौलवी, हलवाई, टैंट, मैरिज गार्डन, बैंड, होटल ब्यूटी पार्लर, प्रिंटिंग प्रेस वालों की जिला स्तर, ब्लॉक स्तर पर बैठक करना सुनिश्चित करें और उन्हें आदेश दें कि किसी भी सूरत में बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे 15 से 18 वर्ष के ऐसे बच्चों का डाटा एकत्रित करें जिन्होंने स्कूल से किसी भी कारणवश ड्रॉप आउट लिया है व इसकी विस्तृत रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव की पंचायत में भी बाल विवाह रोकथाम को लेकर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करें और इन कार्यक्रमों में गांव के मेंबरए स्कूल टीचर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी शामिल करें। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता ने बताया कि जिला में बाल विवाह रोकथाम को लेकर हर प्रकार की गतिविधियां निरंतर चलाई जा रही हैं।

---

# रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

- शोभायात्रा में एक किलोमीटर रामभक्तो की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बुधवार को नरवाना में रामनवमी के शुभ अवसर पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा। यह शोभायात्रा शहर के सनातन धर्म मंदिर से शुरू होकर अपोलो चौंक, भगत सिहं चौंक, पजांबी चौंक, पटेल नगर, मॉडल टाउन व पतराम नगर की गलियों से होते हुए वापिस सनातन धर्म मंदिर में यात्रा को समापन हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चे व पुरुषो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में काफी संख्या में शिव मां काली, शिवगण, राधा कृष्ण, व एक भव्य अयोध्या मे विराजमान रामलला का एक चित्र झांकी के रूप में निकाला गया।

वहीं इस दौरान और भी बहुत सी सुन्दर-सुन्दर झांकियां शोभायात्रा में देखने को मिली। जिसने सभी शहरवासियों को मन मोह लिया। शोभायात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के लिए शहर के लोगों ने अपनी-अपनी दुकानों के सामने पेय पदार्थ, व खादय पदार्थ के स्टॉल लगाये हुए थे। वहीं शोभायात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों किनारों पर लोगों का जनसैलाब उमड़ा।


जींद। शोभायात्रा में रामलला का भव्य झांकी। फोटो :हरिभूमि


जींद। यज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### राम भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक : शर्मा

जींद। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं राम, सनातन धर्म की पहचान हैं राम, चेतना और सजीवता का प्रमाण हैं राम। राम सिर्फ परमात्मा का नाम ही नहीं बल्कि हिंदुस्तान की पहचान हैं। दो अक्षरों के संयोग से निर्मित राम प्रत्येक प्राणी के हृदय में प्राण रूप में रमण कर रहा है।

आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में रामनवमी की रात श्रद्धालुओं के समक्ष नवार्ण महायज्ञ की पूर्णाहुति पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे7 समाजसेवी सोमवीर पहलवान ने महायज्ञ में पूर्णाहुति दी। उनके अलावा महेंद्र मंगला, सुशील सिंगला, सचिन गोयल, एडवोकेट जेएन भारद्वाज, कंवर रामपाल सिंह व जितेंद्र सिंह, सुरेश कोचर व जय कुमार गर्ग ने सपरिवार भगवती सिद्धिदात्री की आराधना कर नवार्ण महायज्ञ में आहुति दी। आचार्य ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम सनातन धर्म के सर्वाधिक पूजनीय और महानतम देव हैं। यदि किसी देवता में आपको मर्यादा, नैतिकता, विनम्रता, दया, करूणा, स्नेह, क्षमा, धैर्य, त्याग व पराक्रम का एक साथ दर्शन करना है तो श्रीराम के चरित्र का अवलोकन करें। भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम का जीवन संघर्षपूर्ण रहा है।

### विद्यार्थियों ने सीखी रीवर राफटिंग की कला

नरवाना। केएम राजकीय कालेज के पर्यटन विभाग के छात्र-छात्राओं का एक ट्रिप रिषिकेस, मसूरी के दर्शनीय स्थलों पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए पहुंचा जो सफल रहा। ट्रिप आयोजक डॉ अमरजीत चहल ने विद्यार्थियों को रिषिकेश में रिवर राफटिंग की कला के नियम व सीमांए, स्थानों का विश्लेषण करेते हुए छात्र-छात्राओं से राफटिंग करवाई। उन्होंने बताया कि भारत में साहसिक पर्यटन की आपार संभावनाए है रिषिकेश को विदेशी पर्यटक राफटिंग कैपिटल के नाम से पहचानते है और वहीं देशी पर्यटक रिषिकेश को अध्यात्मिक व धार्मिक स्थान मानते है। डॉ चहल ने छात्र-छात्राओं को गंगा नदी में रीवर क्रासिंग करवाई व इस विधी के बारे में बताया। छात्रों ने इस दौरान होटल प्रबन्धन व साहसिक गतिविधियों की बारिकी से जानकारी ली।

---

# पॉलिसी में जारी निर्देशों का पालन करें

- निजी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का करें अनुसरण : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के एसडीएम मनीष फौगाट ने कहा कि सभी निजी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अनुसार की वाहन चलाएं ताकि स्कूल में पढने वाले छात्र व छात्राओं को होने वाली दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। एसडीएम ने यह निर्देश वीरवार को अपने कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में पॉलिसी से जुडे अधिकारियों को दिए। एसडीएम ने सभी निजी स्कूल संचालकों को आह्वान किया कि है कि सरकार द्वारा बनाई गई सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी द्वारा ही स्कूल वाहनों को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए अनुसरण करें। उपमंडल के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को घर से स्कूल तक लाने व ले जाने के लिए जिन वाहनों का प्रयोग किया जाता है, उन वाहनों के संचालन में पॉलिसी में जारी निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने आम लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को स्कूल में स्वयं छोड़ें या स्कूल में भेजने के लिए स्कूल बस का ही प्रयोग करें, किसी अन्य अवैध वाहन का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी स्कूल संचालक इन निर्देशों की अवहेलना कर वाहन चलाता हुआ पाया गया तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


जींद। बैठक लेते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### घर बैठे डाउनलोड करें डिजिटल वोटर कार्ड

जींद। चुनाव आयोग ने चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रोनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई.ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता हैं तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से वोटर कार्ड मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल वोटर कार्ड ई.ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि ई.ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का नॉन एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजीलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

# अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

ील हरकत करन

- छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए पीटीएम जरूरी : डा. अनुपम भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने हाल ही में संकाय और अभिभावकों के बीच सहयोग और संचार को बढ़ावा देने के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया। बैठक में विभागाध्यक्ष डा. अनुपम भाटिया ने हुई उपस्थिति और सार्थक चर्चा पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने और विवि और अभिभावकों के बीच संबंध को मजबूत करने में इस तरह की बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। डा. भाटिया ने छात्रों की शैक्षणिक यात्रा में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सहायता प्रदान करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से संकाय सदस्यों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने और अपने बच्चों की शिक्षा में शामिल रहने का आग्रह किया। उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए पीटीएम ने माता-पिता को अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। शैक्षणिक प्रदर्शन पर चर्चा करें और उनकी किसी भी चिंता का समाधान करें। दूसरी ओर शिक्षक छात्र सहायता के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते माता-पिता को बहुमूल्य प्रतिक्रिया और मार्गदर्शन प्रदान करने में सक्षम थे।


जींद। बैठक में भाग लेते अभिभाव, प्राध्यापक व छात्र। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। बैठक करते दलजीत मलिक। फोटो :हरिभूमि

### बीरेंद्र ने हमेशा किसान की आवाज को बुलंद किया

जींद। देव हिंदू मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह का हिसार व जींद के विकास कार्यों को आगे बढाने में अहम योगदान रहा है। वह और उनका परिवार हमेशा जींद की समस्याओं और उनके समाधान के लिए कार्य करता रहा है। दलजीत मलिक ने कहा कि कुछ लोगों का काम केवल विरोध करना ही है, चाहे वो काम सही ही क्यों न हो। आज भी कुछ विरोधी उनका व उनके परिवार का विरोध कर रहे हैं। जब बीरेंद्र सिंह भाजपा में थे, तब भी वे लोग उनका विरोध करते थे और भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आ गए तब भी वे लोग उनका विरोध करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन लोगों की मानसिकता से ऐसा प्रतीत होता है कि इनका जन्म ही विरोध करने के लिए हुआ है। जब भी हिसार और जींद के विकास कायार्ें को कराने का समय आता है तब-तब इस तरह की मानसिकता के लोग विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करते रहते हैं। कहा कि बीरेंद्र सिंह ने हमेशा किसान, मजदूर व व्यापारी की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि हमें केवल और केवल जींद का विकास चाहिए।

# सीएम से मिले निडानी-ललितखेड़ावासी

- जींद उपमंडल में ही रखने की मांग कर रहे हैं दोनों गांवों के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निडाना और ललितखेड़ा के ग्रामीण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले। दोनों गांवों को जुलाना की बजाय जींद उपमंडल में ही रखने की मांग की। सीएम ने ग्रामीणों को दो दिन में ही समस्या का समाधान करने और सकारात्मक परिणाम का आश्वासन दिया है। उधर नेशनल हाईवे 152डी के फ्लाईओवर के नीचे वीरवार को भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। यहां धरने पर जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा पहुंचे और उनकी मांग का जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। सीएम से मुलाकात के बाद लौटे निडाना के नंबरदार अनिल कुमार, डा. ईश्वर सिंह, राजपाल सिंह, ललितखेड़ा निवासी टेकराम मलिक, जिले सिंह, महीपाल, फूलकुमार, बलवान, राममेहर मलिक ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि दो से तीन दिन में उनकी समस्या का समाधान करते हुए ललितखेड़ा और निडाना को जींद उपमंडल में ही रखने का नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले पांच माह से दोनों गांवों के लोग कभी डीसी तो कभी विधायक अमरजीत ढांडा और कभी उच्चाधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे हैं ताकि उनके गांवों को जींद उपमंडल में ही रखा जाए। जुलाना उपमंडल में जोड़े जाने के बाद उन्हें तहसील से संबंधित कामों के लिए जुलाना जाना पड़ेगा।


जींद। सीएम से मिलते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि


जींद। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंजू ने मारी बाजी

जींद। छोटूराम किसान महाविद्यालय में लीगल लिटरेसी मिशन के तहत लीगल लिटरेसी सेल व कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय मानव अधिकार अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रथा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह आदि रहे। कॉलेज के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों को मानवीय अधिकारों के प्रति संपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। लीगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज डा. संदीप बूरा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महाविद्यालय में समय-समय पर किए जाते हैं ताकि विद्यार्थी सभी प्रकार के अधिकारों के प्रति जागरूक रहें व आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें। इस प्रतियोगिता में इंदू ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा. जगबीर सिंह, डा. सत कुमार, डा. संजय खर्ब ने निभाई।

---

### अंडरपास के निर्माण का टेंडर जारी होने पर व्यापारियों के चेहरे खिले

# अंडरपास बनने से व्यापारियों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के देवीलाल चौक पर अंडरपास के निर्माण के टेंडर की सूचना मिलने ही व्यापारी हुए रेलवे फाटक के पास इकट्ठे हुए। व्यापारियों ने मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार किया। अंडरपास के टेंडर की जारी सूचना से व्यापारियों में काफी उत्साह था और लगभग दो वर्ष के व्यापारियों, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का संघर्ष लाया रंग। इस अवसर पर व्यापारियों ने हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान महाबीर कम्प्यूटर को फूलमाला पहना कर किया जोरदार स्वागत। महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि यह बड़ा ही ऐतिहासिक कार्य हुआ है। इससे शहर के लोगों को काफी राहत मिली है व व्यापारियों में खुशी का ठिकाना नहीं है। यह व्यापारियों की आंदोलन की मेहनत का फल है। देवीलाल चौक पर छोटा अंडरपास बनने का कार्य एक नई मिसाल बनी हुई है। पूरे भारतवर्ष में अंडरपास के साथ दूसरा अंडरपास बनना एक ऐतिहासिक उदाहरण है। ये सब शहर के लोगों के आंदोलन की बदौलत हुआ है। लगभग छह महीने के अंदर अंडरपास का निर्माण हो जाएगा। इस अंडरपास से व्यापारियों को काफी लाभ पहुंचेगा तथा पैदल यात्रियों तथा हाथ रेहड़ीवालों तथा साइकिल पर जाने वालों बच्चों के लिए संजीवनी बूटी का काम करेगा। टैंडर जारी होने की सूचना से लोगों में नई उमंग चेहरों पर मुस्कान आई है और खासकर व्यापारियों में जो रेलवे फाटक वाला रास्ता बंद होने की वजह से व्यापारियों में रोजीरोटी की चिंता बनी हुई थी।


जींद। महाबीर कंप्यूटर को लड्डू खिला खुशी का इजहार करते हुए व्यापारी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कपड़ा एसोसिएशन के प्रधान राजेश काजी, उप प्रधान आईडी गोयल, पालिका बाजार एसोसिएशन के प्रधान जयकुंवार गोयल ने कहा कि महाबीर कंप्यूटर ने अंडरपास निर्माण के लिए जो संघर्ष किया है वह काबिलेतारिफ है और समय-समय पर व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए दिन-रात संघर्ष के लिए तैयार है। व्यापारियों ने मांग की कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही जल्द ही निर्माण कार्य को शुरू करवाया जाएगा। इस मौके पर रामिबलास मित्तल, विनोद दीक्षित, सुरेश गर्ग, अनिल, नीरज गोयल, किशन बिंदल, रामफल फौजी, बलराज गर्ग, अशोक जैन, सतपाल शर्मा, जीतिन जैन, अंकित गर्ग, कैलाश मित्तल, सुनील जैन सहित अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।


जींद। माता भ्रामरी धाम पुजारी माता की पूजा-अर्चना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पूजा-अर्चना करने से माता भ्रामरी प्रसन्न : कौशिक

उचाना। देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर सच्चे मन से की गई पूजा-अर्चना से माता श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण करती है। नवरात्र की शुरूआत से लेकर निरंतर माता भ्रामरी धाम पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु आ रहे है। मंदिर पुजारी पुलकित कौशिक ने कहा कि हर माह माता की पूजा-अर्चना करने के लिए माता के भक्त माता भ्रामरी धाम आते है। नवरात्र में की गई पूजा से विशेष लाभ होता है। साल में दो बार नवरात्र आते है। मनुष्य को चाहिए कि अच्छे कर्म जीवन में करें। कौशिक ने कहा कि दुनिया के लोग सुख में तो होते है सबसे आगे व दुख में पहले भागे। दुनिया में सबक खाली पेट, खाली जेब से इंसान को मिलता है। जब बुरा वक्त इंसान को आकर घेरता है तो दुख हमें जगाकर जाता है। सुख हमसे कुछ न कुछ लेकर जाएगा, दुख हमेशा हमें बहुत कुछ देकर जाएगा। दुख हमें बताकर जाएगा तेरा अपना कौन है, पराया कौन है, तेरा हितैषी कौन है। सुख में तो दुनिया साथ चलती पर दुख में अपने भी छोड़कर चले जाते है। जिद्द एक ऐसी दीवार है जो अगर पति-पत्नी, बाप-बेटे, सास-बहु के बीच में आए जाए तो फिर वह दीवार तोड़ना मुश्किल है। यह दीवार तो नहीं टूटती है, रिश्ते जरूर टूट जाते है।

**खबर संक्षेप**



## शिक्षकों ने किया डोर-टू-डोर सर्वे

**राजौंद।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सेरहदा के मुख्य शिक्षक महावीर सिंह व अन्य सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा डोर टू डोर सर्वे द्वारा ग्रामीणों को विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करवानें के लिए जागरूक किया गया।इस दौरान सभी स्टाफ सदस्यों ने गांव के लोगों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं जैसे मुफ्त पुस्तकें, मुफ्त दाखिला, बच्चों को स्कॉलरशिप, प्रशिक्षित अध्यापक, खुले हवादार कमरे, स्वच्छ व हरा भरा कैंपस मिड डे मिल के तहत पौष्टिक व स्वादिष्ट दोपहर का भोजन सहित मिलने वाली अन्य सभी सुविधाओं से ग्रामीणों को अवगत करवाया।

## गुहणा अनाज मंडी से 22 कट्टे गेहूं के चोरी

**कैथल।** गुहणा अनाज मंडी से चोर 22 कट्टे गेहूं चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बोडान मोहल्ला कैथल के ज्वाला प्रसाद ने सदर थाना में शिकायत दी कि 14 अप्रैल को दोपहर के समय अज्ञात आरोपी गुहणा मंडी से उसकी 22 कट्टे गेहूं चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी जयपाल ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आयोग के दिशा-निर्देशों का करें पालनः प्रशांत

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना (डूज एंड डोंट्स) के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों द्वारा इन दिशा निर्देशों की अनुपालना करनी अनिवार्य व आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान, अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड़ और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए।

### छह स्कूलों में लगाया योग शिविर

# स्वस्थ रहने में योग की अहम भूमिका : देवेन्द्र

**विद्यार्थी भविष्य में एक कुशल योग शिक्षक बनने के लिए तैयार हो रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

योग शिविर लगाने की मुहिम में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों ने जिले के भिन्न-भिन्न स्कूलों में छह योग शिविर आयोजित किए । पदमावती ने दर्शन अकैडमी जगदीशपुरा, सुमित ने सैमरॉक स्कूल, कैथल, निधि ने बरसाना, प्रियंका ने दिल्लोवाली, कैथल, मन्दीप सिंह ने नन्दसिंह वाला एवं सोनू देवी ने स्वतन्त्रता सेनानी पब्लिक स्कूल, नरड़ में तीन दिवसीय योग शिविरों का आयोजन किया । स्कूल के द्वारा छात्रों के कार्यों की सराहना की जा रही है। विश्वविद्यालय के योग विभाग छात्रों में अध्यापन कौशल विकसीत करने के लिए योग-विभाग के छात्रों को कैथल व आस-पास के जिलों में ये शिविर लगाने हेतु भेजा जा रहा है । जिस प्रकार बीएड के छात्रों को अध्यापन अभ्यास के लिए स्कूलों में भेजा जाता है, उसी प्रकार छात्रों को योग प्रशिक्षण देने में निपुण करने के लिए ये शिविर लगवाए जा रहे है । इन शिविरों के लिए छात्र पूर्व में पूरी पाठ योजना बनाकर प्रशिक्षण दे रहे है क्योंकि बिना योजना के सुव्यवस्थित अध्यापन नहीं हो सकता। इन प्रशिक्षण शिविरों के द्वारा विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। खासकर कक्षा का प्रबन्धन किस प्रकार करना है यदि कक्षा में शरारती विद्यार्थी है तो उनको किस प्रकार संभालना है। डॉ. देवेन्द्र सिंह का कहना है कि जो विद्यार्थी इन शिविरों का आयोजन कर रहे है, उनको कक्षा प्रबंधन में जो समस्यायें आ रही है, उसे हमें बताते है फिर हम उनके निराकरण का उपाय बताते है । इससे ये विद्यार्थी भविष्य में एक कुशल योग शिक्षक बनने के लिए तैयार हो रहे है। जिससे इनको भविष्य में रोजगार की समस्या भी नहीं होगी । ये अपना योग केन्द्र भी चला सकते है या निजी कक्षा भी ले सकते है, क्योंकि आज के समय में सभी अपनी सेहत के प्रति जागरूक हो रहे है और स्वस्थ रहने में योग की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही छत्राध्यापकों के द्वारा हरियाणा सरकार की नशा मुक्ति मुहिम के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है ताकि स्कूली बच्चे भविष्य में नशे से दूर रह सके।



**कैथल।** योगाभ्यास करते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

# करियर बनाने के लिए हमेशा संघर्षरत रहें

■ डीएवी कॉलेज में वर्कशॉप का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

करियर गाइडेंस सेल डीएवी कॉलेज पूंडरी के द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ सुभाष तंवर के मार्गदर्शन में डा. राजेश तुरान द्वारा एक वर्कशॉप का आयोजन किया। जिसमें बनर्जी ग्लोबल, करनाल के संयोजक मिहिर बनर्जी ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया। उन्होंने अपने प्रेरणा वक्तय में छात्र-जीवन में संघर्ष के महत्व के बारे में बताया कि छात्रों को अपना करियर बनाने के लिए हमेशा संघर्षरत रहना चाहिए। उन्होंने साक्षात्कार, कायिक भाषा, संचार कौशल आदि महत्वपूर्ण विषय पर प्रायोगिक विधि से छात्रों को विस्तार से समझाया।

इसके उपरांत वीजा विशेषज्ञ सोहित छाबड़ा ने पासपोर्ट प्रार्थना पत्र की प्रक्त्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इमिग्रेशन विशेषज्ञ सौरव घावरी ने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, न्यूजीलैंड इत्यादि देशों की वीजा प्रक्त्रिया को विस्तारपूर्वक छात्रों के बीच रखा। मंच संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सिमरजीत कौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. वैभव दत्त शर्मा, डॉ. विश्वजीत सिंह, परमिंदर कौर, नेहा शर्मा, जाहनवी, पूजा रानी, सीमा रानी, राजीव सोनी व उपेन्द्र भारती भी मौजूद रहे।



**पूंडरी।** छात्रों के साथ मुख्य वक्ता व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

## कार्यक्रम की परमिशन दें तय मापदंड के अनुसार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने सभी एआरओ की बैठक लेकर चुनाव संबंधित कार्यों की फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ पूरी गंभीरता से चुनावी प्रक्रिया को संपन्न करवाएं। राजनीतिक दलों को प्रचार सामग्री लगाने, कार्यक्रम आदि की परमिशन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दें। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि एसएसटी टीमें नाकों पर पूरी निगरानी रखें। ऑनलाईन और ऑफ लाईन परमिशन देने में पूरी सावधानी बरतें। एआरओ स्वयं इस व्यवस्था पर निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि गत 16 मार्च को चुनाव की घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी।



**पूंडरी।** कार्यालय में बातचीत करते भाजपा के मंडल महामंत्री अमित टाया।

## भाजपा के सत्ता में आने के बाद देश मजबूतः टाया

**पूंडरी।** भाजपा के मंडल महामंत्री अमित टाया ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में इस बार पार्टी 400 सीटों पर विजय प्राप्त करके देश में एक इतिहास लिखने का काम करेगी। पूंडरी कार्यालय में एक भेंटवार्ता में उन्होंने कहा कि जब से देश की सत्ता की चाबी नरेंद्र मोदी ने संभाली है, उससे पहले देश के क्या हालात थे उसके बारे में कुछ बताने की जरूरत नहीं है। भारत देश का कोई भी व्यक्ति विश्व के किसी भी देश में जाकर यह कहता है कि मैं भारत से आया हूं तो सामने वाला उसका सत्कार करता है तथा कहते हैं कि भारत एक पावरफुल देश है। इस तरह से मौजूदा सरकार ने हम लोगों का मान-सम्मान बढ़ाया है। वह जमाना भी हुआ करता था, जब अमेरिका जाने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री को 6 माह पहले समय मांगना पड़ता था। अब विश्व का हर देश भारत के साथ दोस्ती करना चाहता है।



**कैथल।** हरदयाल को सम्मानित करते प्राचार्य डा. एसके गोयल।

## हरदयाल ने विश्वविद्यालय में पाया चतुर्थ स्थान

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल के राजनीति शास्त्र विभाग के विद्यार्थी हरदयाल सिंह ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणामों विश्वविद्यालय टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया है। हरदयाल ने प्रथम सेमेस्टर में 372/500 अंकों के साथ कुल 74% अंक प्राप्त किए एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने निर्धारित 2100 रूपए की राशि प्रदान कर उदीयमान छात्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांध्यकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंद्र गुप्ता, गणित विभागाध्यक्ष डॉ सत्यवीर मैहला, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो श्रीओम, डॉ अशोक कुमार अत्रि, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ विरेन्द्र सिंह, डॉ विनोद कुमार मान एवं डॉ अनुकृति भी उपस्थित रहे।

# बुक रिव्यू में निशू प्रथम, सीमा ने दूसरा स्थान पाया

■ आरकेएसडी महाविद्यालय में कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय के सांध्यकालीन सत्र के अंग्रेजी विभाग द्वारा क्लासरूम एक्टिविटी के अंतर्गत विद्यार्थियों को /"बुक रिव्यू/" के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का विषय एलिजाबिथन व जेकोबियन एज रहा जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने बुक रिव्यू कर बुक पर अपने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए और संबंधित विषय पर उचित जानकारी प्रदान की। इस आयोजन में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एम ए इंग्लिश अंतिम वर्ष से निशू ने प्रथम स्थान, सीमा ने द्वितीय व रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. अंतिम सेमेस्टर से अंकिता ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय व सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए चतुर्थ सेमेस्टर से सोनाली ने प्रथम, झलक ने द्वितीय व मुकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एक्टिविटी का उद्देश्य बुक का गहन अध्ययन करना रहा। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो कुश चौधरी द्वारा किया गया। सांध्यकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ हरिंदर गुप्ता ने अपने आशीष वचनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि अपने पाठ्यक्रम की बुक रिव्यू करने से उन्हें परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है और वो अपने पाठ्यक्रम की बारीकियों को भी समझ सकते हैं, इस सफल आयोजन के लिए अंग्रेजी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के लिये लाभदायक होते हैं और बताया कि इसका श्रेय आरवीएस के प्रधान अश्विनी शोरेवाला एवं उनकी पूरी टीम और प्राचार्य डॉ संजय गोयल को जाता है। उनके मार्गदर्शन में आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस कार्यक्रम में विभाग अध्यक्ष डॉ.हिमानी अग्रवाल प्रो. मनीष उपस्थित रहे।



**कैथल।** बुक रिव्यू में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

## दुकानदारों ने रामनवमी पर लगाया भंडारा

**राजौंद।** नगर के पुराने बस अड्डे पर मेन बाजार के दुकानदारों ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। दुकानदारों ने बताया वह कि वह प्रतिवर्ष रामनवमी पर भगवान राम को समर्पित भंडारे का आयोजन करते हैं। जिसमें भगवान को अर्पित भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाता है। दुकानदारों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी, मार्ग से गुजरने वाले हर वाहन को रोक-रोक कर प्रसाद वितरित किया जा रहा था। जिससे लोगों के साथ-साथ नगर से गुजरने वाले वाहन चालकों ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान दुकानदार राहुल छाबड़ा, पयूस भनोट, रवि कुमार रिंकू सुमीत शर्मा, अशोक टेलर, रमेश बंसल, गोलू बंसल सहित कई अन्य दुकानदार मौजूद रहे।



**कैथल।** रामनवमी के अवसर पर रामायण यज्ञ में आहुति डलवाते प.राजीव शर्मा।

## रामायण का पाठ सुनने मात्र से कष्ट दूर : शर्मा

**पूंडरी।** श्री रामायण का अखंड पाठ का विधिवत रूप से यज्ञ के साथ विश्राम दिया गया। श्री रामनवमी के पावन पर्व पर नाग हृदय कुंड पूंडरीक तीर्थ पर चल रहे श्री रामायण का अखंड पाठ का विधिवत रूप यज्ञ में आहुति डालकर विश्राम दिया गया। रामायण पाठ को सुनने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में पहुंचना शुरू हो गए थे। कथा वाचक राजीव शर्मा ने श्रद्धालुओं को रामायण पाठ महत्व के बारे में बताया कि रामायण पाठ करने व सुनने मात्र से ही मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते है। रामायण पाठ करने से घर में सुख, शांति व लक्ष्मी मां की अस्मि कृपा बनती है। यह अखंड पाठ पूरे 24 घंटे चला और इसके बाद आज सुबह हवन कर प्रसाद वितरण किया गया। आज पाठ में प्रधान राजबीर सैनी, सुखविंदर सैनी, अश्वनी शर्मा, मेहश मंगल, रमेश शर्मा, विनोद वर्मा, अनिल पुंडीर, राम निवास सैनी, राज शर्मा, सूरज शर्मा व अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

■ मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में महिलाओं सहित आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत वीरवार को एचसी सुनील कुमार द्वारा चीका, हरिगढ किंगन, पीडल, कल्लर माजरा, पपराला व थेह बनहैड़ा में महिलाओं सहित आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे।



**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस। *फोटो :हरिभूमि*

# इनवैस्मट सर्विस का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के बैचलर ऑफ वोकेशनल और बीकाम तृतीय वर्ष संकाय के विद्यार्थियों को बंसल इनवैस्मट सर्विस का दौरा कराया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को म्यूच्यल फंड के विविध पहलुओं के बारे में जानकारी देना था। वित्तीय सलाहकार प्रवेश बसल ने विद्यार्थियों को म्यूचयल फंड, के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

बताया कि म्यूचुअल फंड एक सामूहिक निवेश योजना है जो कई निवेशकों से पैसा इकट्ठा करती है और इसे स्टॉक एवं अल्प कालीन मुद्रा बाजार उपकरणों और अन्य प्रतिभूतियों में निवेश करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पोस्ट ऑफिस बैंक इंश्योरेंस और म्युचुअल फंड के डिफरेंस के बारे में समझाया। इसके साथ-साथ म्युचुअल फंड की विभिन्न प्रकार के बारे में भी जानकारी दी । इस टीम का नेतृत्व प्रोफेसर मनीषा सिंगला ने किया। उनके साथ डॉक्टर शशि माटा और 15 विद्यार्थी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉक्टर संजय गोयल ने कॉमर्स विभाग को बधाई देते कहा कि कॉलेज के छात्रों को आज के आधुनिक युग में इस प्रकार की वित्तीय जानकारी देना आवश्यक है। इससे कि वह जीवन भर सूचित निवेश करने, दूसरों से आगे अवसरों का लाभ उठाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा।



**कैथल।** बंसल इनवैस्मट सर्विस का दौरा करते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

# प्रदीप शर्मा को प्रचार मंत्री नियुक्त किया

■ हलका ब्राह्मण सभा पूंडरी की कार्यकारिणी का विस्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हल्का पूंडरी ब्राह्मण महासभा की बैठक पूंडरी में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधान नरेंद्र शर्मा पिलनी द्वारा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शेष कार्यकारिणी का गठन करना रहा। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार करते त्रिलोकी नाथ शर्मा फतेहपुर, सुभाष गौड़ बंदराणा, देशराज पिलनी, नरेश कौल, स'जन भाना ,राजेंद्र शर्मा फरल व पाल शर्मा सिंगरौली को संरक्षक, मास्टर ताराचंद सिरसल, पूर्व सरपंच सुनील बदनारा, सुरेंद्र शर्मा चंदलाना, डा. राजेश वशिष्ठ व जोगिंद्र शर्मा पूंडरी को मुख्य सलाहकार, माईचंद चुहड़माजरा, प्रवीण पाई, हाकम शर्मा टयोंठा, विनोद पबनावा, राजेंद्र शर्मा सिरसल को उप-प्रधान, प्रमोद शर्मा को सचिव, डॉक्टर कपिल व प्रदीप ढांड को सह-सचिव, इसके अलावा जिला पार्षद मुनीष शर्मा को कोषाध्यक्ष, जयपाल शर्मा को मीडिया प्रभारी, नरेश सांच, बबलू शर्मा फरल व बलराज सिंगरौली को प्रेस प्रवक्ता, प्रदीप शर्मा बदनारा व विनोद शर्मा को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त 31 कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त किए गए। बैठक में नव-नियुक्त सभी पदाधिकारी ने एकजुटता से कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना व समाज को उत्थान के लिए कार्य करना रहेगा।



पूंडरी में आयोजित हलका ब्राह्मण सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**खेल** | कुविवि में 15 से 17 अप्रैल तक इंटर कॉलेज महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता

# जाट महाविद्यालय की टीम ने इंटर कॉलेज महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट महाविद्यालय के प्रोफेसर सुशील मलिक ने मीडिया को बताया कि कुविवि में 15 से 17 अप्रैल तक इंटर कॉलेज महिला कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस खेल प्रतियोगिता में 50 टीमों ने भाग लिया जो विभिन्न कॉलेजों से आई हुई थी ,प्रतियोगिता में जाट महाविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा किया ,आज जैसे ही विजेता टीम महाविद्यालय में पहुंची तो सर्वप्रथम जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक श्री चंद्रशेखर सहारण ने फूलमाला पहनकर विजेता टीम एवं कोच का स्वागत किया, कालेज प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोच का स्वागत किया एवं मंगल भविष्य की कामना की, इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने अपने व्याख्यान में बोलते हुए कहा कि जाट महाविद्यालय की बेटियों ने सिल्वर मेडल जीत कर जाट शिक्षण संस्थान का नाम रोशन किया है ,आज बेटियां शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है अवसर पर प्रो राजपाल चहल प्रो विकास नैन,डॉ राजेश बनवाला ,प्रो लाभ सिंह चौहान ,प्रो राजपाल ,प्रो सुधीर गोयत ,प्रो सुखबीर ,प्रो राजेश आदि मौजूद रहे



**कैथल।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**कैथल।** चीका पुलिस ने युवक से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव बदसुई निवासी सुरेश ने चीका थाना में शिकायत दी कि सात अप्रैल को सुबह के समय आरोपी बलराज, सुरेश, नीटू, गौरव, कुलजीत, कुलदीप, अनुराग, अंकुश व अंकित ने उसे डंडे, लाठी व गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिस्तौल दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने गांव सांघन में एक युवक को पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दो युवको को नामजद किया है। गांव निवासी साधुराम ने सदर थाना में शिकायत दी कि 15 अप्रैल को शाम के समय उसका बेटा मोनू गांव में मु य सड़क से जा रहा था। वहां पर आरोपी संजू व अजय ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने उसे पिस्तौल दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शामलात भूमि को पट्टे पर देने के लिए होगी बोली

**जींद।** जींद ब्लाक के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फूल सिंह ने बताया कि जींद खंड की लगभग 51 ग्राम पंचायतों की काश्ता शामलात भूमि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में एक वर्ष के लिए खुली बोली लगा कर पट्टे पर देने की योजना संबंधित ग्राम पंचायत व बीडीपीओ कार्यालय द्वारा तिथिबद्ध तरीके से तैयार की गई है। इच्छुक व्यक्ति बोली लगाकर इस शामलात भूमि को पट्टे पर ले सकता है। बीडीपीओ फूल सिंह ने बताया कि तिथि व सयमबद्ध तैयार की गई यह खुली बोली गांव की चैपाल, राजकीय स्कूल या सार्वजनिक स्थानों पर की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए कि शामलात भूमि को पट्टे पर देने के लिए संबंधित गांवों चैकिदारों से मुनादी करवाई जाए।

## नरवाना के कैनाल रोड पर मैरिज पैलेस में चलाया जा रहा था स्कूल

# सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी कर किया बिना मान्यता के स्कूल का भंडाफोड़

- किसी भी विभाग से नहीं थी अप्रूवल, नाम लिखा था डीबीके इंटरनेशनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। बिना मान्यता के चल रहे स्कूल में कक्षा में उपस्थित बच्चे। फोटो : हरिभूमि

सीएम फ्लाइंग तथा शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने वीरवार को नरवाना के कैनाल रोड पर छापेमारी कर बिना मान्यता के चले रहे स्कूल का भंडाफोड़ किया है। स्कूल को मैरिज पैलेस में चलाया जा रहा था।

स्कूल का रजिस्ट्रेशन भी नही था। ना ही किसी भी विभाग से अपूरवल ली गई थी, जो स्कूल संचालन के लिए जरूरी होती है। सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। शिक्षा विभाग ने स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना के कैनाल रोड पर बना मान्यता के डीबीके इंटरनेशल नाम से स्कूल चलाया जा रहा है।

जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर चरणसिंह के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें एएसआई खुशीराम तथा शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकार सुरेश नैन, लिपिक पवन को भी शामिल किया गया। टीम ने जब स्कूल में दस्तक दी तो वह मैरिज हाल में चलता पाया गया। नर्सरी से चौथी कक्षा तक स्कूल रिकार्ड 208 बच्चों का दाखिला पाया गया। स्कूल में 172 छात्र हाजिर पाए गए। स्कूल की मान्यता से दस्तावेज मांगे जाने पर स्कूल संचालक उन्हें दिखाने में नाकाम रहा। फायर सेफ्टी, पीने के पानी, साफ सफाई, बिल्डिंग सेफ्टी सर्टिफिकेट से संबंधित को कोई दस्तावेज नही मिला। ना ही सोसायटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट मेरिज पैलेस का कोई किरायानामा तथा पट्टे से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर पाया। जिस पर सीएम फ्लाइंग ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। वहीं शिक्षा विभाग ने स्कूल संचालक को नोटिस जारी किया है।

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल बिना मान्यता के चल रहा था। स्कूल संचालक के पास कोई दस्तावेज नही मिला है। शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। आगामी कार्रवाई शिक्षा विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।



अलेवा। चांदपुर निवासी सुमित अपने माता-पिता के साथ। फोटो : हरिभूमि

# कृषि विज्ञान में ऑस्ट्रेलिया में पीएचडी करेगा सुमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

- पीएचडी के लिए छात्र ने दो करोड़ रुपये की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृति की हासिल
- दो वर्ष से वहीं से कृषि विज्ञान में कर रहे हैं पीएचडी

गांव चांदपुर (चुहड़पुर) निवासी सुमित आस्ट्रेलिया के एडिलेड विश्वविद्यालय में कृषि विज्ञान में पीएचडी करेगा। इसके लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से दो करोड़ रूपये से अधिक की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृति हासिल की है।

जिला जींद के चांदपुर (चुहड़पुर)निवासी सुमित ने बताया कि वह चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से एमएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद करीब दो वर्ष से वहीं से कृषि विज्ञान में पीएचडी कर रहा था। इस दौरान उसका चयन आस्ट्रेलिया के एडिलेड विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए हो गया। जिससे उसको भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृति के तहत दो करोड़ रूपये से अधिक की राशि मिलेगी। जिसमें टयूशन फीस, चिकित्सा बीमा, रखरखाव भत्ता, वीजा शुल्क फीस, चार साल के शोध कार्य के लिए वार्षिक आकस्मिकता भत्ता शामिल है। गांव के सरपंचराजेश नरवाल ने बताया कि एक साधारण व मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले सुमित की उपलब्धि उनके गांव तथा परिवार के लिए गर्व का स्त्रौत है। सुमित के समर्पण और शैक्षणिक कौशल से उन्हें एक विश्व स्तरीय संस्थान में शोध का अवसर मिला है। सुमित ने बताया कि यह छात्रवृति प्राप्त करना उसके तथा परिवार के लिए एक सपने का सच होने जैसा है। मुझे अपने माता-पिता के प्रोत्साहन के फलस्वरूप उन्हें आगे बढने की प्रेरणा मिलती रही है।



राजौंद। कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# तंबाकू व ड्रग्स के दुष्प्रभाव पर पोस्टर मेकिंग स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में तंबाकू मुक्त व यूथ अगेंस्ट ड्रग कमेटी के संयुक्त तत्वाधान से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता का विषय तंबाकू व ड्रग्स के दुष्प्रभाव रहा। महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने तंबाकू, सिगरेट, गुटका, पान व ड्रग निषेध पर पोस्टर बनाए। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य राममेहर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी व ड्रग एक जानलेवा भयंकर बीमारी बन चुकी है। ड्रग व नशे के तस्करों ने एक नेटवर्क बना रखा है, हमें उस नेटवर्क को तोड़ना चाहिए तंबाकू मुक्त व यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब प्रभारी सुदेश ने कहा कि हमें समाज को नशा मुक्त बनाना है।सरकार समय-समय पर नशे को समाप्त करने के लिए मुहिम चलाती है अत हमें भी उस मुहिम का हिस्सा बनना है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका रविंद्र कुमार सहायक प्रोफेसर हिंदी व विक्रम सहायक प्रोफेसर, इतिहास ने निभाई। दीपक कुमार, नरेंद्र कुमार, हरपाल सिंह व राज रानी का भी योगदान रहा।

### घर से तीन किलो 384 ग्राम चूरापोस्त बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव धर्मगढ़ बोहली डेरे में छापेमारी कर एक व्यक्ति के कब्जे से तीन किलो 384 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पकडे. गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धर्मगढ़ बोहली डेरा निवासी जितेंद्रपाल उर्फ ज्ञानी नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने डेरे पर दस्तक दी तो बाहर जितेंद्र पाल ही खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस पार्टी को देख कर डेरे के अंदर जाने लगा तो पुलिसकर्मियो ने उसे काबू कर लिया। पुलिसकर्मियों ने जब कमरे की तलाशी ली तो अलमारी के साथ पॉलीथिन रखा मिला। जिसकी जांच करने पर उसमें तीन किलो 384 ग्राम चूरा पोस्त पाया गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने जितेंद्रपाल के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# जिला आयुक्त ने पालिका कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र लागू करने का दिया ठोस आश्वासन : गौरव टांक

- नपा कर्मचारियों ने पालिका कार्यालय के सामने धरना देकर की नारेबाजी
- बैठक में बनी सहमति के बाद संघ के जिला प्रधान गौरव टांक, जिला सचिव विक्की टांक ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पालिका आयुक्त कार्यालय के सामने हड़ताल कर नारेबाजी करते नगर पालिका के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन के साथ हुए समझोते को लागू न करने व बार-बार की वादा खिलाफी के विरोधस्वरूप काम बंद करके धरना-प्रदर्शन किया और इसके बाद दोपहर 12- बजे जिला अयुक्त के साथ मिटिंग मे सभी मांगो को जायज मानते हुए 24 अप्रैल तक पूरा करने का आश्वाशन दिया। मिटिंग मे बनी सहमती के बाद संध के जिला प्रधान गौरव टांक, जिला सचिव विक्की टांक ने जिला प्रशासन का धन्यवाद के साथ हड़ताल की समाप्ति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिले मे छ ब्लॉको मे लगभग 275 कर्मचारी एक साल से डोर टू डोर के ठेके मे आपना कार्य इमानदारी से कर रहे हैं। इसके बाद भी ठेकेदार न तो समय पर वेतन देता और भी कम देता है। सप्ताहिक छुट्टी पर समझौता होने के बाद भी वेतन काटा जाता है। न तो साबून तेल दिया जाता और औजार भी नही दिए जा रहे। अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने की व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन मे सैकंड़ों की सख्या में पालिका कर्मचारियो ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यदि 24 अप्रैल तक डोर टू डोर के कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वो हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की होगी।

### 2022 में हुए समझौते के बावजूद मांगें पूरी नहीं हुई

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण,जिला सचिव रामपाल शर्मा, ने कहा की संगठन द्वारा 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक की गई सफल हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री के साथ समझौता हुआ था लेकिन आज तक उस समझौते मे बनी सहमति के बाद मांगो को पूरा नहीं किया गया जिसका समय आने पर नगर पालिकाओं कर्मचारी उचित जावाब देंगे। इस अवसर पर सुमेश राणा, सुरेश नोच, पूर्व प्रधान महेन्द्र बिड़लान, पंकज गिल,सूरज सहोत्रा,अमित क्योड़क, सूरज कल्याण,सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# मोदी की गारंटी केवल जुमलेबाजी : हजवाना

हरिभूमिन्यूज ▶▶ पूंडरी

युवा कार्यकर्त्ता एवं रामपाल माजरा के खास समर्थक इकबाल सिंह हजवाना ने कहा कि भाजपा ने अपना जो संकल्प पत्र-जारी किया है वह केवल और केवल झूठ का पुलिंदा है। भाजपा को पहले अपने 2014 में 2019 के घोषणा पत्र के बारे में श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। जो वायदे 2014 से लेकर 2019 में किए गए उन पर तो अभी तक कोई कार्य हुआ नहीं।

अब 2024 के चुनाव के लिए भाजपा नए जुमले और नए झूठे वायदे लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो हर साल 2 करोड़ नौकरियां का वायदा किया था वह भी अभी तक पूरा नहीं कर पाए। यहां जारी प्रैस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि इस बार भी भाजपा के संकल्प पत्र में देशभर में फैली बेरोजगारी को दूर करने के बारे में कोई ठोस बात नहीं की गई है। भाजपा अपने संकल्प पत्र में कहती है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा, जबकि सबसे बड़ा खिलवाड़ तो युवाओं के साथ प्रधानमंत्री जी ने ही किया है। युवा नौकरी की तलाश में हैं, महंगाई बढ़ रही है। भाजपा को महंगाई और बेरोजगारी की कोई चिंता नहीं है। भाजपा को अपने घोषणा पत्र का नाम संकल्प पत्र की जगह माफीनाम रखना चाहिए।

### राजौंद में मच्छरों का प्रकोप, नागरिक परेशान

**राजौंद।** इन दिनों मच्छरों के प्रकोप से हर व्यक्ति परेशान है। आलम यह है कि शाम के समय जब वाहन चालक सड़क पर निकलते है तो वाहन चालक की आंख, नाक व मुंह में मच्छर घुस जाते है। जिससे बचने के प्रयास में कई बार वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो जाते है। शाम ढलने के बाद यह मच्छर लोगों को ओर भी परेशान कर देते है। दुपहिया वाहन चालकों के लिए साय के समय सड़क से निकलना किसी खतरे से खाली नही होता। इन मच्छरों से बचने के लिए दुपहिया वाहन चालक हालांकि हैलमेट पहनकर भी निकलते है लेकिन जो दुपहिया वाहन चालक गलती से बिना हैलमेट के सड़कों पर गुजरते है उनके लिए यह मच्छर बहुत बड़ी परेशानी बने हुए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए आयोजित किए जाएं जागरुकता कार्यक्रम : गुरविंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। सीटीएम गुरविंद्र सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि बाल विवाह केवल एक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया है इस अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना होती है। इसलिए बाल विवाह को रोकने के लिए अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और इस दिन विशेष नजर बनाए रखें।

सीटीएम गुरविंद्र सिंह वीरवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष की वीडियों कांफ्रेस के उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अक्षय तृतीया को लेकर सर्तक रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर पुजारियों, मोलवियों, हलवाई, टैंट हाउस, बैंड पार्टी तथा अन्य प्रकार की सेवाएं देने वाले सभी प्रदाताओं के साथ मीटिंग करें और उन्हें बाल विवाह करवाने संबंधित सजा के बारे में अवगत करवाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर सरपंच के माध्यम से बाल विवाह कानूनन अपराध होने के संबंध में मुनादी भी करवाएं तथा उन्हें जागरूक करें कि बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर के साथ साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्घि होती है।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्करस के माध्यम से अपने सूचना तंत्र को प्रभावी बनाएं। गांव एवं ब्लॉक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जाएं तथा स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की सूची बनाएं और ऐसे बच्चों की शिनाख्त करें जो बाल विवाह के शिकार हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से भी आह्वन किया कि जिले में कहीं पर भी बाल विवाह जानकारी मिलती है तो 1098,100,112 तथा 181 नंबर पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता, जिला शिक्षा अधिकारी सरोज, शशि बाला तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जेल में बंद आरोपी ने विदेश में भागने के लिए बनवाया जाली पासपोर्ट, केस दर्ज

**कैथल।** जेल में बंद एक आरोपी ने बाहर रह रहे अपने साथियों के साथ मिलकर विदेश में भागने के लिए अपना जाली पासपोर्ट बनवा लिया। जब सुरक्षा एजेंट को इसकी सूचना मिली तो उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शहर थाना के सिक्योरिटी एजेंट संदीप कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि उसे गुप्त सूचना मिली कि पट्टी अफगान कैथल निवासी बलविंद उर्फ काला के विरुध काफी अपराधिक मामले दर्ज हैं। उसने गलत तरीके से विदेश में भागने के लिए अपना जाली/फर्जी पार्सपोर्ट बनवाया हुआ है। आरोपी ने अभी कुछ दिनों पहले बाबा राजपुरी डेरा बाबा लदाना के महंत से रंगदारी भी मांगी थी। आरोपी इस समय जिला जेल कैथल में बंद है। आरोपी किसी भी समय विदेश भाग सकता है। बलविंद्र के साथ-साथ फर्जी व जाली पासपोर्ट बनवाने वाले गिरोह का भी पर्दाफाश किए जाए। जांच अधिकारी बीरसिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्रचार सामग्री का नियमों के विरुद्ध होना पड़ सकता है छापने वाले पर भारी

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा.188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है। इसलिए यह जरूरी है कि उनके पम्पलेट व पोस्टर आदि के खर्च का भी पूरा हिसाब किताब रहे।

समस्या | नोडल अधिकारी खरीद प्रक्रिया के दौरान करें आने वाली समस्याओं को तुरंत दूर

# मंडियों से गेहूं के उठान कार्य में लापरवाही करने वाले ट्रांसपोर्टर पर होगी कार्रवाई : डीसी

- अब सीजन तेजी से चल पड़ा है इसलिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होनी चाहिए, किसानों को परेशानी न हो : प्रशांत पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि मंडियों में दिन प्रतिदिन गेहूं की आवक बढ़ रही है। गेहूं खरीद कार्य होने के तुरंत बाद उठान का कार्य तेजी से किया जाए। अगर इस कार्य में ट्रांसपोर्टर की किसी भी प्रकार से लापरवाही सामने आती है तो संबंधित ट्रांसपोर्टर के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अगर किसी मंडी में कोई समस्या आती है तो संबंधित नोडल अधिकारी तुरंत उसे दूर करने का कार्य करें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय के सभागार में गेहूं खरीद कार्य के दृष्टिगत नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सभी मंडियों से उठान कार्य की एक-एक फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि अब सीजन तेजी से चल पड़ा है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होनी चाहिए। किसानों, मजदूरों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों के गेट पास तुरंत कटने चाहिए। किसी भी प्रकार की कोताही होने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी नोडल अधिकारी निरंतर क्षेत्र में रहकर खरीद प्रक्रिया पर नजर बनाकर रखें। अगर कहीं पर किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो उसे तुरंत दूर करें।

इस मौके पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम कृष्ण कुमार व सत्यवान सिंह मान, एमडी शुगर मिल वकील अहमद, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, आरटीए गिरिश कुमार, डीएफएससी निशांत राठी, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआरओ चंद्रमोहन सहित अन्य नोडल अधिकारी, मार्किट कमेटी सचिव मौजूद रहे।